कार्यालय- जिला न्यायाधीश, बांदा ।

आदेश संख्या- 3827 / प्रथम, बांदा, दिनांकित- 18 दिसम्बर, 2023

आदेश

मेरी अध्यक्षता में चयन प्राधिकरण की बैठक दिनांक 07.12.2023 को सायं 04:30 बजे मेरे विश्राम कक्ष में आहूत की गई । बैठक में प्रशासनिक अधिकारी के रिक्त 01 पद, प्रधान सहायक के रिक्त 03 पदों, वरिष्ठ सहायक के रिक्त 32 पदों एवं कनिष्ठ सहायक के रिक्त 09 पदों पर पदोन्नति हेतु ज्येष्ठता-सह-श्रेष्ठता (Seniority-cum-merit) के आधार पर कर्मचारीगण के नामों पर विचार विमर्श किया गया है ।

चयन प्राधिकरण द्वारा प्रशासनिक अधिकारी के रिक्त 01 पद पर पदोन्नति हेतु प्रधान सहायक के पद पर कार्यरत श्री कामता प्रसाद पाण्डेय, मिथलेश द्विवेदी, श्री बलराम सिंह, श्री घनश्याम सिंह एवं श्री मोतीलाल के नामों पर विचार किया गया । उनके सेवाभिलेखों के आधार पर, प्रधान सहायक (छठें वेतनमान के अनुसार 9300-34800, ग्रेड पे- 4200 तथा सातवें वेतनमान के अनुसार 35400-112400) के पद पर कार्यरत वरिष्ठतम कर्मचारी श्री कामता प्रसाद पाण्डेय को प्रशासनिक अधिकारी (छठे वेतनमान के अनुसार 9300-34800 + ग्रेड पे - 4600 एवं सांतवे वेतनमान के अनुसार पे मैट्रिक्स 44900 - 142400) के पद पर पदोन्नति हेतु उपयुक्त पाया गया है ।

इसी प्रकार प्रधान सहायक के रिक्त 03 पदों पर पदोन्नति हेतु वरिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत कर्मचारीगण श्री श्रीकेशन प्रसाद, श्रीमती तृप्ति त्रिपाठी, श्री मोहम्मद शमीम, श्री मुन्नालाल, श्री मीसम अली जैदी, श्री जितेन्द्र कुमार एवं श्री मनोज कुमार द्विवेदी के नामों पर विचार किया गया । उनके सेवाभिलेखों के आधार पर, वरिष्ठ सहायक (छठें वेतनमान के अनुसार 5200 - 20200 एवं ग्रेड पे- 2800/- तथा सातवें वेतनमान के अनुसार 29200-92300) के पद पर कार्यरत श्री श्रीकेशन प्रसाद, श्री जितेन्द्र कुमार एवं श्री मनोज कुमार द्विवेदी को प्रधान सहायक (छठें वेतनमान के अनुसार 9300-34800, ग्रेड पे- 4200 तथा सातवें वेतनमान के अनुसार 35400-112400) के पद पर पदोन्नति हेतु उपयुक्त पाया गया है ।

इसी प्रकार वरिष्ठ सहायक के रिक्त 32 पदों पर पदोन्नति हेतु कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत कर्मचारीगण पर विचार किया गया । उनके सेवाभिलेखों के आधार पर, कनिष्ठ सहायक (छठें वेतनमान के अनुसार 5200 - 20200 एवं ग्रेड पे- 2000/- तथा सातवें वेतनमान के अनुसार 21700-69100) के पद पर कार्यरत श्री हमीद खां को वरिष्ठ सहायक (छठें वेतनमान के अनुसार 5200 - 20200 एवं ग्रेड पे- 2800/- तथा सातवें वेतनमान के अनुसार 29200-92300) के पद पर पदोन्नति हेतु उपयुक्त पाया गया है ।

इसी प्रकार कनिष्ठ सहायक के रिक्त 09 पदों पर पदोन्नति हेतु वैतनिक प्रशिक्षु के पद पर कार्यरत श्री प्रतीक कुमार मौर्या एवं श्री विनीत श्रीवास्तव के नामों पर विचार किया गया । उनके सेवाभिलेखों के आधार पर, वैतनिक प्रशिक्षु (छठें वेतनमान के अनुसार 5200 - 20200 एवं ग्रेड पे- 1900/- तथा सातवें वेतनमान के अनुसार 19900-63200) के पद पर कार्यरत श्री प्रतीक कुमार मौर्या एवं श्री विनीत श्रीवास्तव को कनिष्ठ सहायक (छठें वेतनमान के अनुसार 5200 - 20200 एवं ग्रेड पे- 2000/- तथा सातवें वेतनमान के अनुसार 21700-69100) के पद पर पदोन्नति हेतु उपयुक्त पाया गया है ।

चयन समिति की आख्या दिनांकित 07.12.2023 अनुमोदित की जाती है । चयन समिति की आख्या दिनांक 07.12.2023 में सम्बन्धित वेतनमानों में उपयुक्त पाये गये कर्मचारीगण की ज्येष्ठता दिनांक 07.12.2023 से मानी जायेगी । चयन समिति की आख्या दिनांकित 07.12.2023 इस आदेश का अंश होगी ।

इस प्रकार प्रशासनिक अधिकारी (छठे वेतनमान के अनुसार 9300-34800 + ग्रेड पे - 4600 एवं सांतवे वेतनमान के अनुसार पे मैट्रिक्स 44900 - 142400) के पद पर **श्री कामता प्रसाद पाण्डेय** की, प्रधान सहायक (छठें वेतनमान के अनुसार 9300-34800, ग्रेड पे- 4200 तथा सातवें वेतनमान के अनुसार 35400-112400) के पद पर **श्री श्रीकेशन प्रसाद, श्री जितेन्द्र कुमार एवं श्री मनोज कुमार द्विवेदी** की, वरिष्ठ सहायक (छठें वेतनमान के अनुसार 5200 - 20200 एवं ग्रेड पे- 2800/- तथा सातवें वेतनमान के अनुसार 29200-92300) के पद पर **श्री हमीद खां** तथा कनिष्ठ सहायक (छठें वेतनमान के अनुसार 5200 - 20200 एवं ग्रेड पे- 2000/- तथा सातवें वेतनमान के अनुसार 21700-69100) के पद पर **श्री प्रतीक कुमार मौर्या एवं श्री विनीत श्रीवास्तव** की पदोन्नति की जाती है ।

कर्मचारीगण की पदास्थापना के सम्बन्ध में पृथक से औपचारिक आदेश जारी हो ।

प्रशासनिक अधिकारी, लेखा लिपिक एवं सिस्टम असिस्टेंट / टी०एम०पी० आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें ।

सर्वसम्बन्धित सूचित हों ।

Sd/-
(डा० बब्बू सारंग)
जिला न्यायाधीश
बांदा
18.12.2023